गोविंददेवजी मंदिर में 22 को मनेगी जलझूलनी एकादशी

जयपुर। जयनिवास बाग स्थित ठिकाना मंदिर गोविंद देव जी महाराज में 22 सितंबर को जलझूलनी एकादशी (झूलन महोत्सव) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर ठाकुर श्रीजी को नटवर वेश धारण कराया जाएगा और विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में दिनभर विभिन्न झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन होंगे।

मंदिर प्रशासन एवं महंत अंजन कुमार गोस्वामी के अनुसार ग्वाल झांकी के बाद शाम 4:45 से 5:35 बजे तक जलझूलनी एकादशी का विशेष पूजन होगा।

इस दौरान दर्शन पट मंगल रहेंगे। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ठाकुर शालिग्रामजी (नारायण जी) को खाट पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण-पश्चिमी चौक स्थित तुलसी मंच पर ले जाएंगे। यहां शालिग्रामजी का पंचामृत अभिषेक, चंदन श्रृंगार और आरती की जाएगी।

पूजन के बाद तुलसी मंच की चार परिक्रमा और मंदिर की एक परिक्रमा कर ठाकुर शालिग्राम जी को पुन: निज मंदिर में ठाकुर श्रीजी के समीप विराजमान कराया जाएगा। इसके बाद संध्या झांकी में आरती होगी और श्रद्धालुओं को दर्शन मिलेंगे।

दो सौ तीन रक्तदान शिविरों में 5,921 यूनिट रक्त संग्रहित

दो सौ तीन रक्तदान शिविरों में 5,921 यूनिट रक्त संग्रहित

- अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-जिला अस्पतालों, जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध ब्लड सेंटरों एवं अन्य ब्लड सेंटरों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे
- राठौड़ ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,गायत्री राठौड़ ने कहा कि विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। प्रदेश में आयोजित 203 रक्तदान शिविरों में 5,850 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लिया तथा 5,921 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इन शिविरों में आमजन, युवाओं, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।

राठौड़ ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जन सेवा अभियान के माध्यम से प्रदेश में जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रक्तदान बेहद जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति, प्रसूता, थैलेसीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है।

जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने रक्तदान कर आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि जयपुर में जिला कलेक्टर संदेश नायक तथा अलवर में जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

प्रमुख शासन सचिव ने रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, चिकित्सा संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों तथा रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी से इस प्रकार के अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-जिला अस्पतालों, जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध ब्लड सेंटरों एवं अन्य ब्लड सेंटरों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही नागरिकों को रक्त समूह जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदाता के रूप में पंजीकरण कराने तथा नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

सार-समाचार

बच्चों को मिली डिजिटल शिक्षा की नई उड़ान

जयपुर। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा बच्चों की शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वार्ड13, चाकसूमें 5 कंप्यूटर एवं 1 प्रिंटर उपलब्ध कराए गए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना तथा उन्हें कंप्यूटर शिक्षा एवं डिजिटल कौशल से सशक्त बनाना है। ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा प्रत्येक बच्चे के भविष्य के लिए आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि जरूरतमंद बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा और तकनीकी संसाधनों का अवसर मिले। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य, चिकित्सक ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि यह सहयोग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कंप्यूटर एवं प्रिंटर का उचित उपयोग बच्चों की शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और कौशल विकास के लिए किया जायेगा। यह पहल निश्चित रूप से बच्चों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इस अवसर नोडल अधिकारी रीना हाडा, बिमला वर्मा, अनू वर्मा, कमलेश रैगर, स्वाति पंजवानी, प्रकाशी मीना, भास्कर, नीतेश सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

लंदन से लौटने पर जनसम्पर्क कर्मियों ने बाल मुकुंद ओझा का अभिनन्दन किया

जयपुर। जनसम्पर्क मित्र की ओर से गुरुवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित जैन भट्टारक जी की नसिया में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक और वरिष्ठ लेखक - पत्रकार बाल मुकुंद ओझा का लन्दन यात्रा से लौटने पर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप निदेशक डॉ लीलाधर दोचानिया ने ओझा का माल्यार्पण, साफा और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। डॉ दोचानिया ने प्रशस्ति पत्र का वाचन करते हुए ओझा की जनसम्पर्क सेवाओं को याद किया और उन्हें कार्य के प्रति समर्पित, और निष्ठावान अधिकारी बताते हुए कहा वे आज भी सक्रीय पत्रकारिता और लेखन से जुड़े हुए है। पूर्व संयुक्त निदेशक ईश्वर माथुर ने ओझा की नियमित साहित्य सृजन धर्मिता की सराहना की। उपस्थित जनसम्पर्क कर्मियों ने कहा ओझा लंदन प्रवास के दौरान भी निरंतर पत्रकारिता और लेखन से जुड़कर देश और राजस्थान के बारे में लिखते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ जनसम्पर्क कर्मी गोपाल शर्मा, अलका सक्सेना, गोविन्द पारीक, ईश्वर माथुर, रजनीश शर्मा, वीना करमचंदानी, रेणु जुनेजा, गणपत सिंह नारोलिया, रवि गोस्वामी, भूपेंद्र सिंह शेखावत, रूप सिंह कविया, यादवेंद्र सैन, गोविन्द शर्मा, राजेंद्र शर्मा राजू आदि उपस्थित थे।

चन्द्रप्रकाश गुप्ता माहेश्वरी समाज जयपुर के मीडिया कोऑर्डिनेटर बने

जयपुर। ख्यात चित्रकार एवं लेखक चन्द्रप्रकाश गुप्ता 'खटोड़' को माहेश्वरी समाज जयपुर का मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। गुप्ता समाज की गतिविधियों, सामाजिक एवं सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। उनकी कला एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता और अनुभव को देखते हुए समाज ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 27 वर्षों से निरंतर राजस्थान के शहीद सैनिकों के तेल चित्र बनाकर उनके पैतृक गांव/ ढाणी पहुंचकर उनके परिवार जनों को भेंट करते हैं । गुप्ता की अभी हाल ही में लिखी किताब "शौर्य और शहादत को सलाम" काफी चर्चित रही है

स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

जयपुर। मुहाना थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2.63 ग्राम स्मैक, 14 ट्यूबॉर्ग स्ट्रॉन्ग बीयर की बोतलें और देशी शराब के 56 पव्वे जब्त किए हैं।पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजऋषि राज ने बताया कि जयपुर आउटर क्षेत्र की ढाणियों और कॉलोनियों में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। जिस पर पुलिस टीम ने आसूचनाएं संकलित करने के बाद पार्श्वनाथ सिटी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान महिला के कब्जे से स्मैक और विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी पायल बिड़ावत (24) निवासी सांगानेर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके कब्जे से 2.63 ग्राम स्मैक, ट्यूबॉर्ग स्ट्रॉन्ग बीयर की 14 बोतल, देशी शराब के 21 पव्वे और लवली लाइम स्ट्रॉन्ग देशी शराब के 35 पव्वे जब्त किए।

जयपुर नगर निगम वार्ड 80 की निर्दलीय पार्षद रेणु चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जयपुर नगर निगम वार्ड 80 की निर्दलीय पार्षद रेणु चौधरी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और अपना समर्थन दिया। राठौड़ ने रेणु चौधरी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी परिवार में उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेणु चौधरी के भाजपा परिवार में शामिल होने से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

जयपुर के पुनर्मतदान वाले चारों वार्डों का परिणाम घोषित

जयपुर। नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 09, 18, 25 एवं 34 के 5 मतदान केन्द्रों पर 16 सितम्बर को कराए गए पुनर्मतदान के बाद गुरुवार को मतगणना सम्पन्न हुई। प्राप्त परिणाम के अनुसार वार्ड संख्या 09 से कैलाशी (कांग्रेस) ने 764 मतों के अंतर से, वार्ड संख्या 18 से वंदिता शर्मा (कांग्रेस) ने 181 मतों के अंतर से, वार्ड संख्या 25 से रेखा देवी (कांग्रेस) ने 397 मतों के अंतर से तथा वार्ड संख्या 34 से सुरेश यादव (कांग्रेस) ने 149 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

एसीएस ने राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण किया

- परिवादियों से संवाद कर जाना उनकी समस्याओं का हाल,जिला रोजगार अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर । राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित व पारदर्शी निस्तारण की दिशा में गुरुवार को कौशल,नियोजन एवं उद्यिमता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181)कॉल सेंटर मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने विभाग से जुड़े परिवादों के निस्तारण की वस्तुस्थिति जानने के लिए विभागीय डैशबोर्ड का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान वर्मा ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की प्रकृति,लंबित मामलों की स्थिति और उनके समाधान की गुणवत्ता की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्वयं कई परिवादियों से ऑडियो एवं वीडियो कॉल के माध्यम से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय प्रक्रिया के साथ-साथ धरातल पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए,जिससे परिवादियों को वास्तविक राहत मिल सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिला रोजगार अधिकारी केवल कार्यालयीन प्रक्रियाओं पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं फील्ड में जाकर परिवादियों से व्यक्तिगत मुलाकात करें,समस्याओं की जड़ तक पहुंचकर उनका गहन अध्ययन करें,जिससे युवाओं व आमजन को एक ही बार में संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके। वर्मा ने कहा कि युवाओं के रोजगार,कौशल प्रशिक्षण और उद्यिमता से जुड़े हर मामले को पूरी संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी परिवादों के त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान की प्रगति जांचने के लिए शीघ्र ही एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी,जिससे व्यवस्था और अधिक प्रभावी व जवाबदेह बन सके।

तत्कालीन संयुक्त निदेशक के विरूद्ध रिश्वत मांगने का मुकदमा दर्ज

जयपुर/कोटा, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी कोटा टीम ने बारां जिले में रिश्वत लेते पकड़े गए कृषि विभाग के तत्कालीन संयुक्त निदेशक आनंदीलाल मीणा के खिलाफ रिश्वत मांगने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ कोटा एसीबी को भी शिकायत मिली थी, जिसमें रिश्वत मांग का सत्यापन भी हो गया था। हालांकि कोटा एसीबी की ट्रैप कार्रवाई के पहले ही आरोपी को बारां एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। मामले को जयपुर मुख्यालय भिजवाया गया था, जहां से आनंदीलाल के खिलाफ धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि 5 मई को परिवादी बारां निवासी ने शिकायत दी, शिकायत में कहा कि उसके पास कृषि बीज वितरण करने, दवाईयां सप्लाई करने तथा खाद वितरण करने का लाईसेंस है।

रीको ने सरकारी विभागों के लिये औद्योगिक भूखण्डों की सरेंडर प्रक्रिया आसान की

जयपुर। राज्य में औद्योगिक भूमि के बेहतर उपयोग, लंबे समय से अनुपयोगी पड़े भूखण्डों को फिर से औद्योगिक गतिविधियों में लाने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निगम, बोर्ड, सोसायटी एवं केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों के लिए भूमि सरेंडर की प्रक्रिया को आसान बनाने की दिशा में रीको द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत रीको डिस्पोजल ऑफ लैंड रूल्स, 1979 के नियम 18(जी)(2) में आंशिक संशोधन किया गया है।

नए प्रावधान के तहत, पीएसयू, बोर्ड, निगम, सोसायटी तथा केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों को टोकन दरों/रियायती दरों पर आवंटित भूमि के संबंध में विशेष व्यवस्था की गई है। निर्धारित उपयोग की शर्तों के कारण यदि ऐसी भूमि का उपयोग नहीं हो पा रहा है, तो संबंधित संस्थाओं को भूखण्ड सरेंडर करने का अवसर मिल सकेगा।

ऐसे मामलों में भूखण्ड सरेंडर करने पर रीको संबंधित संस्था को औद्योगिक क्षेत्र की प्रचलित भूमि आवंटन दर के 50 प्रतिशत के बराबर भूमि लागत का भुगतान करेगा। साथ ही सर्विस चार्ज, इकोनॉमिक रेंट तथा लैंड प्रीमियम पर रिबेट के कारण देय ब्याज सहित बकाया अथवा अवैतनिक राशि में भी राहत का प्रावधान किया गया है।

गौरतलब है कि कुछ पीएसयू, निगम, बोर्ड, सोसायटी एवं केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों को निर्धारित उद्देश्यों के लिए रीको द्वारा टोकन दर पर भूमि आवंटित की गई थी लेकिन इन भूखण्डों का निर्धारित उद्देश्यों के लिये उपयोग नहीं हो पा रहा था। स्पष्ट एग्जिट पॉलिसी नहीं होने के कारण इन भूखण्डों को सरेंडर करने में कठिनाई आ रही थी।

नए संशोधन से ऐसी संस्थाओं को स्वेच्छा से भूमि सरेंडर करने का अवसर मिलेगा। इससे अनुपयोगी पड़े भूखण्ड रीको के पास वापस आ सकेंगे और उनका पुन: औद्योगिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकेगा। नवीन नियमों के अनुसार, रीको को भूखण्ड वापस देने पर दी जाने वाली राशि का भुगतान भूमि का कब्जा सुपुर्द करने के पश्चात् ही किया जायेगा।रीको की इस पहल से लंबे समय से अनुपयोगी पड़े औद्योगिक भूखण्डों को वापस लेकर नए उद्यिमयों एवं निवेशकों को आवंटित किया जा सकेगा। इससे औद्योगिक भूमि का बेहतर उपयोग, नए निवेश को प्रोत्साहन, औद्योगिकीकरण को गति तथा राज्य में आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है।

राज्यपाल बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। बागडे ने कहा कि मोदी दूरदर्शी सोच के स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि "विकसित भारत" का प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प भारत को फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने मोदी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

एसी के आउटडोर चुराने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

- चोरी की स्कूटी-बाइक सहित दो यूनिट बरामद
- सीसीटीवी फुटेज से पुलिस पहुंची आरोपी तक

जयपुर। चित्रकूट थाना पुलिस ने मकानों के बाहर लगे एयरकंडीशनर के आउटडोर यूनिट चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वोल्टास और टीसीएल कंपनी के दो एसी आउटडोर यूनिट, वारदात में इस्तेमाल चोरी की स्कूटी व मोटरसाइकिल तथा चोरी के औजार बरामद किए हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि नित्यानंद नगर, गांधीपथ निवासी पदम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 8 और 12 सितंबर की तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच मकान के बाहर लगे दो एसी के आउटडोर यूनिट चोरी हो गए थे।

इस मामले की जांच के लिए थानाधिकारी विक्रम सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों पर निगरानी रखी।


आरोपी मनोज कुमार विजय

जांच के बाद पुलिस ने मनोज कुमार विजय (39) निवासी झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार उसके कब्जे से दो एसी आउटडोर यूनिट के अलावा स्कूटी, जो झोटवाड़ा थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी, और मोटरसाइकिल जो करधनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। बरामद की गई। साथ ही वारदात में प्रयुक्त औजार भी मिले हैं।

पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ पूर्व में झोटवाड़ा और मुरलीपुरा थानों में मारपीट, दुर्घटना और चोरी से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

जयपुर / उदयपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई, पुलिस उप अधीक्षक श्रवणदास संत के सुपर विजन में भीण्डर थानाधिकारी मुकेशचन्द्र मय टीम ने बस स्टेण्ड नारायणपुरा नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान कार को रूपकने का इशारा किया। इस पर चालक व साथी कार रोक भागने लगे।

जिनका पिछा किया तो चालक भागने में सफल रहा जबकि साथी दिनेश अहीर पुत्र रतनलाल निवासी पदमपुरा मंगलवाड़ चित्तोड़गढ बताया। इस पर तलाशी ली तो बिना नंबर की कार से एक पिस्टल मय कारतूस मिला। इस पर कार व हथियार जब्त कर आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर प्ररकण दर्ज किया।

चालक सम्मान दिवस पर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

जयपुर । चालक सम्मान दिवस के अवसर पर जयपुर यातायात पुलिस की ओर से 'ड्राइवर डिग्निटी डे' जागरूकता एवं सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य वाहन चालकों की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा के साथ जिम्मेदार यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना है। इसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात पुलिस की टीमें चालकों से सीधा संवाद कर रही हैं। अभियान में करीब 10 हजार चालकों से संवाद का लक्ष्य रखा गया है। पुलिस महानिदेशक यातायात राजस्थान मालिनी अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन प्रदीप मोहन शर्मा, पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीणा के निर्देशन में अभियान संचालित हो रहा है। जयपुर यातायात पुलिस के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त और यातायात निरीक्षक इसमें सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीणा ने बताया कि यातायात पुलिस की टीमें स्कूल-कॉलेज क्षेत्रों के अलावा सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, टीपी नगर, अजमेर रोड, 200 फीट बाईपास, मानसरोवर, गोनेर रोड, सिंधी कैंप, बड़ी चौपड़ और राजमार्ग सहित प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दे रही हैं।अभियान में ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, टैक्सी, कैब, ऐप आधारित कैब, सिटी बस, रोडवेज एवं निजी बस, ट्रक, कंटेनर, भारी मालवाहक वाहन, स्कूल बस-वैन, एम्बुलेंस और आवश्यक सेवा वाहनों के चालक शामिल हैं। इनके अलावा दोपहिया चालक, डिलीवरी राइडर, ई-कॉमर्स, खाद्य वितरण एवं कूरियर सेवाओं से जुड़े चालक, निजी कार और कार्यालयीन वाहन चालकों के साथ औद्योगिक एवं निर्माण क्षेत्र के वाहन चालकों तक भी संदेश पहुंचाया जा रहा है।

डीजीपी ने जवानों के साथ संवाद से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक परखी व्यवस्थाएं

- तनोट माता मंदिर में दर्शन के बाद जैसलमेर पुलिस लाइन का निरीक्षण
- सिणधरी थाने में कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- नशे और साइबर अपराध की रोकथाम में जनसहयोग पर जोर

जयपुर/जालौर/बालोतरा । पश्चिमी राजस्थान के तीन दिवसीय दौरे पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को तनोट माता मंदिर में दर्शन और आरती के बाद जैसलमेर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इसके बाद बालोतरा जिले के सिणधरी थाने पहुंचकर कानून-व्यवस्था और अपराध की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन से बेहतर समन्वय और संवाद रखते हुए नशे तथा साइबर अपराध की रोकथाम में जनसहयोग लेने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने तनोट माता मंदिर में दर्शन और आरती कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। जैसलमेर पुलिस लाइन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए संचालित जिम, कैंटीन और नवनिर्मित महिला बैरक का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली तथा महिला पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने जैसलमेर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

डीजीपी पुलिस लाइन में संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भी पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई एवं शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम और पढ़ाई से जुड़े विषयों पर बातचीत की तथा बच्चों को टॉफियां वितरित कीं।

इसके बाद सिणधरी थाने में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद थाने का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं अपराध की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आमजन के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और नशे व साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लोगों से सूचनाओं का आदान-प्रदान मजबूत करने पर जोर दिया।

इससे पहले बुधवार रात डीजीपी बबलियान बॉर्डर आउट पोस्ट पहुंचे थे। उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों एवं जवानों से सीमा संवाद कर विषम परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे सीमा प्रहरियों का हौसला बढ़ाया। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा राजस्थान पुलिस और बीएसएफ के बीच निरंतर प्रभावी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। इसके बाद वे तनोट पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया।

दौरे के दौरान आईजी सत्येंद्र सिंह, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप और जैसलमेर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

'लीडलेस पेसमेकर से आसान हो रहा हृदय रोगों का इलाज'

जयपुर। नारायणा हॉस्पिटल जयपुर की ओर से हृदय रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकों टीएवीआई (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन) और लीडलेस पेसमेकर के सफल उपचारों की जानकारी दी गई। हॉस्पिटल के एडिशनल डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी डॉ. अंशु काबरा ने बताया कि इन तकनीकों से खासकर बुजुर्ग और जटिल स्वास्थ्य समस्याओं वाले मरीजों के उपचार में नई संभावनाएं सामने आई हैं।डॉ. काबरा के अनुसार पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में टीएवीआई और लीडलेस पेसमेकर जैसी कम इनवेसिव प्रक्रियाओं में बड़े चीरे की आवश्यकता नहीं होती और मरीज को अपेक्षाकृत कम समय में सामान्य गतिविधियों में लौटने में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक से उपचार करा चुके मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए।